Date :- 17-09-2024

Dainik Bhaskar, Page-12, Surat

दौरे का दूसरा दिन • 7 करोड़ घर और भारत के 17 शहरों को सोलर सिटी बना रहेः मोदी

₹8000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास, ग्रीन एनर्जी के बड़े फैसले लिये

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

गुजरात दौरे के दूसरे दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के GMDC मैदान में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने यहां 8000 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही 30 मेगावॉट के सोलर सिस्टम का भी उद्घाटन किया।

पीएम ने गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर समिट और एक्सपो (री-इन्वेस्ट) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- भारत में हम 7 करोड़ घर बना रहे हैं। ये दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। आगामी दिनों भारत 31 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन करने वाला है। सौर ऊर्जा क्षेत्र में गुजरात देश में दूसरे स्थान पर है। कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा पार्क बनाया जा रहा है।

अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी

पीएम मोदी ने सीएम भूपेंद्र पटेल और राज्यपाल देवव्रत आचार्य के साथ मेट्रो में सफर किया। यात्रियों से बात भी की। पीएम मोदी ने अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मेट्रो से ही गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (GIFT) पहुंचे। यह मेट्रो अहमदाबाद के एपीएमसी से गांधीनगर के सेक्टर-1 तक 33 किमी की दूरी तय करेगी। इस सफर को पूरा करने में मेट्रो 65 मिनट का समय लेगी और किराया सिर्फ 35 रु. होगा। टैक्सी में अभी 80 मिनट से ज्यादा का समय लगता है और 400 रु. से भी ज्यादा किराया देना पड़ता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा अहमदाबाद से गांधीनगर तक रोजाना आने-जाने वाले कर्मचारियों और छात्रों को होगा।

1120 पीएम आवास का उद्घाटन

पीएम मोदी ने पीएम आवास योजना के मकान की चाबियां मकान मालिकों को सौंपी। इसमें चांदखेड़ा सत्यमेव अस्पताल रोड पर अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (औडा) के 1120 फ्लैट्स शामिल हैं। इन 1.5 BHK फ्लैट की कीमत महज 6 लाख रु. है। इस योजना के हितग्राहियों को 8 किस्तों में रकम चुकाने की भी सुविधा दी गई है।

17 शहरों को सोलर सिटी बना रहे

मोढेरा में प्राचीन सूर्य मंदिर पहला सोलर विलेज भी है। भारत के 17 शहरों को सोलर सिटी बना रहे हैं। भारत ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में दुनिया का लीडर बनने की ओर बढ़ रहा है।